# UPPSC RO/ARO

## Previous Year Paper
## (General Hindi)
## 11 Feb, 2024

# Test Prime

## *ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION*

**70,000+**
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

**600+**
Exam Covered

Previous Year
Papers

**500%**
Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक ना खोलें।

**2023**

कोड : **BATISTUTA - 02**

| सीरीज़ |
|---|
| C |

विषय : सामान्य हिन्दी

RO/ARO - 2023

Question Booklet No.
प्रश्न–पुस्तिका संख्या
3669211

समय : 1 घण्टे

पूर्णांक : 60

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **उत्तर–पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक** को सौंप दें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अंदर रखी है।
2. उत्तर–पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड अंकित करें अन्यथा उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।**
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. प्रश्न–पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका / ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पेज भली–भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न–पुस्तिका / ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी प्रश्न–पुस्तिका / ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक प्राप्त कर लें।
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **उत्तर–पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक ना खोलें।

***Note: English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

Adda247
GET IT ON Google Play

1. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों का अशुद्ध युग्म है –
(a) अधिकतम – अत्यल्प
(b) अघी – अनघ
(c) अधः – उपरि
(d) ईषत् – अलम्

2. 'रात्रि' का पर्यायवाची है –
(a) सौदामिनी
(b) क्षणप्रभा
(c) चपला
(d) शर्वरी

3. बरसात बिल्कुल न होने को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त एक शब्द होता है –
(a) अल्पवृष्टि
(b) अनावृष्टि
(c) अकाल
(d) अनवृष्टि

4. 'अवसाद' शब्द का विलोम है –
(a) अनादर
(b) उल्लास
(c) उदास
(d) अनुल्लास

5. 'जो किसी कार्य के सम्पादन में मनोयोगपूर्वक लगा हुआ हो' – इस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) स्थितिप्रज्ञ
(b) दत्तात्मा
(c) दत्तावधान
(d) दत्तचित्त

6. 'क्वाथ' शब्द का तद्भव है –
(a) काढ़ा
(b) काच
(c) काठ
(d) काँटा

7. सूची–I (तद्भव शब्दों) को सूची–II (तत्सम शब्दों) के साथ सुमेलित करते हुए सही कूट चुनिए –

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) पत्थर | (i) प्रस्तर |
| (B) भौजाई | (ii) धूम |
| (C) सुहाग | (iii) भ्रातृजाया |
| (D) धुआँ | (iv) सौभाग्य |
| | (v) सधवा |

कूट –
(a) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv
(b) (A)-i, (B)-iii, (C)-iv, (D)-ii
(c) (A)-v, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv
(d) (A)-iii, (B)-ii, (C)-i, (D)-v

8. निम्नलिखित दोनों कथनों पर ध्यानपूर्वक विचार करते हुए सही कूट को पहचानिए –
A. संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आने वाले शब्द तद्भव कहलाते हैं।
B. तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न हैं।
कूट –
(a) A सही, B गलत
(b) A और B दोनों गलत
(c) A गलत, B सही
(d) A और B दोनों सही

9. विशेषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से अशुद्ध कथन है –
(a) यह सर्वनाम की विशेषता बताता है।
(b) यह संज्ञा की विशेषता बताता है।
(c) यह संज्ञा के लिंगानुसार सदैव परिवर्तित होता है।
(d) यह संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित करता है।

10. 'भीतर' शब्द का तत्सम है –
(a) अन्तरंग
(b) अभिरंग
(c) वहिरंग
(d) अभ्यन्तर

11. 'विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द' कहलाते हैं –
(a) प्रविशेषण
(b) विशिष्ट विशेषण
(c) पद–विशेषण
(d) प्रति विशेषण

12. निम्नलिखित में से तत्सम – तद्भव का कौन–सा युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) वचन – बैन
(b) गंभीर – गहरा
(c) पुराण – पुराना
(d) कपाट – कपड़ा

13. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म विपरीतार्थक नहीं है?
(a) कोमल–मृदुल
(b) तरल–ठोस
(c) कर्कश–मधुर
(d) कठिन–सरल

3669211

14. 'मक्षिका' किसका तत्सम शब्द है?
(a) मक्खी (b) मिट्टी (c) मछली (d) मच्छर

15. 'वह खम्भा गिर जाएगा' – इस पंक्ति में कौन–सा विशेषण है?
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण

16. 'व्याकरण का ज्ञान रखने वाले व्यक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाले शब्द की शुद्ध वर्तनी है –
(a) वय्याकरण (b) वैयाकरण (c) व्याकरणज्ञ (d) व्याकरणी

17. 'प्रत्यक्ष' का सटीक विलोम है –
(a) प्रतिमुख (b) परोक्ष (c) सम्मुख (d) मुखामुखम

18. 'घोटक' का सटीक पर्यायवाची है –
(a) अश्व (b) शम्बूक (c) अनलस (d) श्वेतद्युति

19. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) अनुग्रहीत (b) अनग्रहित (c) अनग्रहीत (d) अनुगृहीत

20. 'समास' शब्द का विलोम है –
(a) व्यास (b) भेदक (c) विभाजन (d) संधि

21. 'सूर्यसुता' पर्यायवाची है –
(a) नर्मदा का (b) कावेरी का (c) गंगा का (d) यमुना का

22. 'नारियल' शब्द का तत्सम होगा –
(a) नवनीत (b) निर्वहण (c) नारिकेल (d) कठोर

23. 'खूबसूरत और काला ईरानी घोड़ा मैदान में दौड़ रहा है' – इस वाक्य में हैं –
(a) तीन विशेषण, एक विशेष्य (b) तीन विशेषण, दो विशेष्य
(c) दो विशेषण, दो विशेष्य (d) दो विशेषण, एक विशेष्य

24. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द है –
(a) महात्म्य (b) माहात्म्य (c) महात्म (d) माहातम्य

25. 'मसृण' का विलोम है –
(a) मलिन (b) रूक्ष (c) रूपाक्ष (d) स्निग्ध

26. अशुद्ध विलोम युग्म का चयन कीजिए –
(a) ऐश्वर्य–अनैश्वर्य (b) ऋजु–वक्र
(c) कर्कश–मधुर (d) ऐहिक–लौकिक

27. 'परित्यक्ता' शब्द का प्रयोग होता है –
(a) उस स्त्री के लिए जिसके पुत्र–पति हों। (b) उस स्त्री के लिए जो पर पुरुष से प्रेम करती हो।
(c) उस स्त्री के लिए जो पति के द्वारा छोड़ दी गई हो। (d) उस स्त्री के लिए जिसका पति मर गया हो।

28. 'युद्ध लड़ने की उत्सुकता' के भाव को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) युद्धोन्मुख (b) जिज्ञासु (c) युयुत्सा (d) उत्कंठी

29. विशेषण के द्वारा जिस संज्ञा की व्याप्ति निर्धारित होती है, उसे कहते हैं –
(a) विशेषण (b) अव्यय (c) विशेष्य (d) क्रिया–विशेषण

30. 'हरीतकी' का तद्भव शब्द है –
(a) हरड़ (b) हार (c) हरियाली (d) हरा

31. 'अहि' का पर्यायवाची है –
(a) सर्प (b) कान (c) मुख (d) पृथ्वी

3669211

Adda247
GET IT ON Google Play

32. 'प्रशंसा' का पर्यायवाची है –
(a) कृशानु (b) कुम्भिल (c) श्लाघा (d) अमर्ष

33. 'मूक' का विलोम शब्द है –
(a) मृदु स्वर (b) कटुभाषी (c) बधिर (d) वाचाल

34. निम्नांकित वाक्यों में एक वाक्य अशुद्ध है, उसे पहचानिए –
(a) सब्जी मँहगी है। (b) उपरोक्त पंक्ति अच्छी नहीं है।
(c) मोहन पौधे सींच रहा है। (d) गीता ने पत्र लिखा।

35. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' के लिए एक शब्द है –
(a) उष्मज (b) स्वेदज (c) अण्डज (d) द्विज

36. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) युधिष्ठिर (b) युद्धस्थिर (c) युद्धाभ्यासी (d) युद्धष्ठिर

37. 'दृश्य मनोरम था' – इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है –
(a) भाववाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) निर्देशक विशेषण

38. 'औरस' का विलोम है –
(a) प्रापक (b) विरस (c) नीरस (d) दत्तक

39. 'कामदेव' का पर्यायवाची है –
(a) पुष्पधन्वा (b) पुरन्दर (c) भूतेश (d) जनार्दन

40. 'बाएँ हाथ से तीर चलाने वाला' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) सव्यसाची (b) वामउदग्र (c) वामहस्ती (d) वामशर

41. वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द का चयन कीजिए –
(a) अकार (b) अतिथी (c) वधू (d) कूआँ

42. 'नित्य दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) सदावर्त (b) प्रसादी
(c) नित्य भोजनम् (d) आहार–व्यवस्था

43. 'जिसे कभी बुढ़ापा न आए' के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त शब्द होगा –
(a) अमर (b) अविनाशी (c) अवृद्ध (d) अजर

44. 'सन्देह' का विशेषण होगा –
(a) संदिग्ध (b) सन्देहास्पद (c) शंकालु (d) शक

45. 'प्रतिबिम्बित' में विशेष्य होगा –
(a) प्रत्येक बिम्ब (b) बिम्बित (c) बिम्ब (d) प्रतिबिम्ब

46. नीचे दिए गए विकल्पों में तत्सम शब्द चुनिए –
(a) गयन्द (b) सगुन (c) सकल (d) मयंक

47. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) अच्छौहिणी (b) अक्षोहिणी (c) अवक्षौहिणी (d) अक्षौहिणी

48. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है –
(a) कुछ लोग मिष्टान्न के प्रिय होते हैं। (b) महारानी लक्ष्मीबाई महाराज गंगाधर राव की महिषी थीं।
(c) व्यवसाय के लिए मुझे आपकी सहायता उपेक्षित है। (d) वे ग्राम जनता को जगाने के लिए प्रयासरत हैं।

49. 'जंगम' शब्द का सटीक विलोम है –
(a) भयावह (b) स्थूल (c) स्थिर (d) स्थावर

Adda247 GET IT ON Google Play

50. निम्नलिखित में से आवृत्तिवाचक विशेषण नहीं है –
(a) तिगुना (b) सब–कुछ (c) चौगुना (d) दूना

51. 'द्रौपदी' का पर्यायवाची नहीं है –
(a) पांचाल (b) सैरन्ध्री (c) कृष्णा (d) याज्ञसेनी

52. निम्नलिखित में से 'अवनि' का सही पर्यायवाची शब्द है –
(a) अचला (b) उदधि (c) अम्बर (d) अचल

53. 'विद्युत' का पर्यायवाची है –
(a) शर्वरी (b) दामिनी (c) तनया (d) रमणी

54. निम्नलिखित में से कौन–सा 'तत्सम–तद्भव' युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) कर्कट – केकड़ा (b) जगज्जाल – जंजाल
(c) पिप्पल – पीपल (d) फुल्ल – फुड़िया

55. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प चुनिए –

| सूची–I (विशेषण) | सूची–II (विशेष्य) |
|---|---|
| (A) ऐतिहासिक | (1) महिलाएँ |
| (B) विदुषी | (2) कथा |
| (C) महती | (3) घटना |
| (D) रोचक | (4) पुस्तक |

कूट –
(a) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 3, (D) - 4
(b) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 4, (D) - 3
(c) (A) - 3, (B) - 2, (C) - 1, (D) - 4
(d) (A) - 3, (B) - 1, (C) - 2, (D) - 4

56. 'उच्छिष्ट' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है –
(a) अभक्ष (b) अनुच्छिष्ट (c) अखाद्य (d) अभुक्त

57. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए कूट के अनुसार उत्तर दीजिए –
(A) संजीव ने मिठाई और पापड़ खाए।
(B) सीतांशु ने दूध और रोटी खिलाई।
(C) श्याम ने बैल और घोड़ा मोल लिए।
(D) तुमने रुपये दिया।

कूट –
(a) केवल A और C शुद्ध वाक्य हैं
(b) A और B शुद्ध वाक्य हैं
(c) A, B, C शुद्ध और D अशुद्ध वाक्य है
(d) C और D शुद्ध वाक्य हैं

58. 'आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आएं' – इस अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप होगा –
(a) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएं।
(b) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने गए थे।
(c) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आते।
(d) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएंगे।

59. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | सूची–I (शब्द) | | सूची–II (पर्याय) |
|---|---|---|---|
| (a) | खर | – | गर्दभ |
| (b) | आँख | – | लोचन |
| (c) | इंद्र | – | पुरंदर |
| (d) | गंगा | – | मृगांक |

60. 'अप्रत्याशित' शब्द के लिए कौन–सा वाक्य उपयुक्त है?
(a) जिसकी आशा की गई हो।
(b) जिसकी आशा न की गई हो।
(c) जिसकी संभावना हो।
(d) जो अवश्य होने वाला हो।